संक्षिप्त विज्ञापन

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14( 81)RSSB/अर्थना/कनि.अभि./2020/2016 दिनांक : 13.02.2020

## विज्ञप्ति संख्या 01/2020

## –::कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2020::–

बोर्ड द्वारा निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

**सार्वजनिक निर्माण विभाग के लिये** राजस्थान अधीनस्थ अभियांत्रिकी (भवन व पथ शाखा) सेवा नियम 1973 यथा संशोधित, **जल संसाधन विभाग के लिये** राजस्थान अधीनस्थ अभियांत्रिकी सेवा (सिंचाई शाखा) नियम–1967 यथा संशोधित, **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग** के लिये राजस्थान अभियांत्रिकी अधीनस्थ सेवा (जन स्वास्थ्य शाखा) नियम–1967 यथा संशोधित **एवं राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड** के लिये राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड (सेवा) उप नियम (Bye Laws) – 1977 यथा संशोधित के अन्तर्गत **तथा** राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत **कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2020 हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।**

| क.सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | गैर अनुसूचित क्षेत्र | अनुसूचित क्षेत्र | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सार्वजनिक निर्माण विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिग्रीधारक) | 254 | 22 | 276 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिप्लोमा धारक) | 61 | 08 | 69 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिग्रीधारक) | 27 | 02 | 29 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमा धारक) | 06 | – | 06 |
| 2. | जल संसाधन विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिग्रीधारक) | 121 | 28 | 149 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिप्लोमा धारक) | 280 | 27 | 307 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिग्रीधारक) | 02 | – | 02 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमा धारक) | 01 | 03 | 04 |
| 3. | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिग्रीधारक) | 58 | 08 | 66 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिप्लोमा धारक) | 67 | 02 | 69 |
| 4. | राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिग्रीधारक) | 59 | – | 59 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिप्लोमा धारक) | 15 | – | 15 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिग्रीधारक) | 04 | – | 04 |
| | | कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमा धारक) | 01 | – | 01 |
| | कुल योग | | 954 | 100 | 1054 |

**नोटः–**

1. रिक्त पदों की संख्या में कमी/वृद्धि एवं आरक्षण संबंधी प्रावधानों के संबंध में राज्य सरकार के नवीनतम नियमों के अनुसार परिवर्तन किया जा सकेगा।
2. आवेदक चयन के बाद जिस विभाग में यथा **सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड में पदस्थापन चाहते हैं उन विभागों की प्राथमिकताओं का क्रम ऑनलाईन आवेदन पत्र में निर्धारित कॉलम में अवश्य भरें।** बोर्ड द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को विभागों का आवांटन श्रेणीवार मेरिट एवं अभ्यर्थियों द्वारा भरी गई प्राथमिकता क्रम (Merit Cum Priority) के आधार पर किया जावेगा। अतः अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में ध्यानपूर्वक विभागों की प्राथमिकता क्रम भरें। इसके बाद प्राथमिकता क्रम में संशोधन स्वीकार नही किया जावेगा।

परीक्षा शुल्क :–

(क) सामान्य वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग के आवेदक हेतु – **रू 450/–**

(ख) राजस्थान के नॉन क्रीमलेयर श्रेणी के पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग के आवेदक हेतु – **रू 350/–**

(ग) समस्त विशेष योग्यजन तथा राजस्थान के अनु.जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदक हेतु--**रू 250/–**

(घ) कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक प.8(3) कार्मिक/क–2/18 दिनांक 02.05.2018 के अनुसार सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है, के लिये अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के समान ही परीक्षा शुल्क **रूपये 250/–** देय है।

**आयु सीमाः–** आवेदक 1, जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका हो तथा 40 वर्ष का नहीं हुआ हो, परन्तु राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक .एफ.7/6/कार्मिक/क–II/2008 दिनांक 23.09.2008 के अनुसार **कनिष्ठ अभियंता (सिविल/विद्युत/यांत्रिक) (डिग्री/डिप्लोमा)** भर्ती परीक्षा का आयोजन विगत 03 वर्ष में नहीं होने के कारण समस्त आवेदकों को अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष की और छूट दी जाएगी।

**वेतनमानः–** राज्य सरकार द्वारा देय सातवें वेतनमान के अनुसार **कनिष्ठ अभियंता** पद हेतु **पे मैट्रिक्स लेवल 10 एवं प्रारम्भिक वेतनमान 33800/–** निर्धारित किया गया है। परिवीक्षा काल में मासिक नियत पारिश्रामिक राज्य सरकार के आदेशानुसार देय होगा।

**शैक्षणिक योग्यता** (क.सं 1 एवं 2 पर अंकित योग्यता उक्त सभी विभागो के लिये, **क.सं 3 एवं 4** पर अंकित योग्यता सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा राज़स्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के लिये, **क.सं. 5 एवं 6** पर अंकित योग्यता केवल जल संसाधन विभाग के लिये) :–

**(1) कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिग्रीधारी) के पद हेतु :–**

1. भारत में विधि द्वारा संस्थापित किसी विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त संस्था से सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री या सरकार द्वारा समतुल्य घोषित अर्हता।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

**(2) कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) (डिप्लोमाधारी) के पद हेतु :–**

1. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से सिविल अभियांत्रिकी में डिप्लोमा या इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स द्वारा मान्यता प्राप्त सिविल अभयांत्रिकी में डिप्लोमा जो अध्ययनवृत्ति परीक्षा छूट के प्रयोजन के लिए हो।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

**(3) कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिग्रीधारी) के पद हेतु :–**

1. भारत में विधि द्वारा संस्थापित किसी विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त संस्था से विद्युत अभियांत्रिकी में डिग्री या सरकार द्वारा समतुल्य घोषित अर्हता। ।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

**(4) कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारी) के पद हेतु :–**

1. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से विद्युत अभियांत्रिकी में डिप्लोमा या इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स द्वारा मान्यता प्राप्त विद्युत अभयांत्रिकी में डिप्लोमा जो अध्ययनवृत्ति परीक्षा छूट के प्रयोजन के लिए हो।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

**(5) कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिग्रीधारी) के पद हेतु :–**

1. भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से यांत्रिकी अभियांत्रिकी में डिग्री या सरकार द्वारा समतुल्य घोषित अर्हता।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

**(6) कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारी) के पद हेतु :–**

1. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से यांत्रिक अभियांत्रिकी में डिप्लोमा या इन्स्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स द्वारा मान्यता प्राप्त यांत्रिक अभयांत्रिकी में डिप्लोमा जो अध्ययनवृत्ति परीक्षा छूट के प्रयोजन के लिए हो।
2. देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान एवं राजस्थानी संस्कृति का ज्ञान।

**आवेदन करने की अवधिः–** परीक्षा शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन पत्र **दिनांक 04.03.2020 से 02.04.2020** को मध्य रात्रि 11.59 बजे तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

**परीक्षा का माह व स्थानः–** **बोर्ड द्वारा डिग्री एवं डिप्लोमा की परीक्षा अलग–अलग आयोजित करवाई जावेगी।** परीक्षा बोर्ड द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्रो पर करवाई जायेगी। परीक्षा की तिथी, समय एवं स्थान के संबंध में सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से प्रकाशित की जायेगी।

**अन्य बिन्दु व सूचनाः–** **परीक्षा शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, आरक्षण संबंधी प्रावधान, रिक्त पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं विस्तृत पाठ्यक्रम एवं ऑनलाईन आवेदन में संशोधन** इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर अलग से जारी किया जायेगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावें।

(डॉ. बी.एल.जाटावत)
**अध्यक्ष**